मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-370
31/08/2022

# गलवान घाटी में शहीद हुए बिहार के वीर सपूतों एवं सिकंदराबाद दुर्घटना के मृतकों के भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव

पटना 31 अगस्त 2022 :– बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में गलवान घाटी में शहीद हुए बिहार के वीर सपूतों एवं सिकंदराबाद दुर्घटना के मृतकों के भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव जी यहां आए हैं, मैं इनका स्वागत करता हूं। गलवान घाटी में जो बिहार के वीर जवान शहीद हुए थे और हैदराबाद में जिन मजदूरों की मौत हुई थी उनके परिजनों को सहयोग दिया गया। इन्होंने गलवान घाटी में शहीदों के आश्रितों को 10–10 लाख रूपये और हैदराबाद के मृतक मजदूरों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये दिये, इसके लिए मैं इनको धन्यवाद देता हूं। गलवान घाटी में निहत्थे भारतीय जवानों पर हमला किया गया। बिना हथियार के हमारे सैनिकों ने उन्हें खदेड़ने का काम किया। 15 जून 2020 को यह घटना घटित हुई थी। केंद्र सरकार की तरफ से जो राशि दी जाती है उसके अलावा राज्य सरकार की तरफ से 5 शहीदों के परिजनों को 11–11 लाख रूपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 25–25 लाख रूपये का सहयोग दिया गया। लद्दाख में शहीद हुये जवानों के परिजनों को यहां भी सहयोग दिया गया है। 23 मार्च 2022 को स्क्रैप गोदाम में आग लगने से 12 लोगों की मौत हो गई थी, उनके परिजनों को भी आपने अपनी तरफ से राशि प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष की तरफ से भी उन्हें 2–2 लाख रूपये और बिहार प्रवासी मजदूर सहायता योजना के तहत 1–1 लाख रुपए का सहयोग दिया गया है। हमलोगों के यहां के लोग जो बाहर में रहते हैं उनकी जानकारी दिल्ली के स्थानिक आयुक्त लेते रहते हैं और जहां जरुरत होती है वहां खुद जाते भी हैं। आप अभी बता रहे थे कि आपके यहां बड़ी संख्या में हमारे लोग काम करते हैं। आपने कोरोना काल में बहुत लोगों को बिहार भेजा था। बाद में हमलोगों ने विशेष ट्रेन और अन्य माध्यमों से 21 लाख लोगों को बिहार लाया था। आपने पुनः यहां के लोगों को अपने यहां बुलाकर काम करने दिया। कोरोना से होने वाली मौत पर राज्य सरकार द्वारा 4–4 लाख रूपये की सहायता दी जाती है। आपके संघर्ष का ही नतीजा है कि तेलंगाना अलग राज्य बना। आप पर कुछ–कुछ लोग बोलते रहते हैं, सब बेकार की बाते हैं। आप पूरी मजबूती के साथ काम कर रहे हैं, इससे तेलंगाना की जनता वाकिफ है। आपने मिशन भागीरथी नदी योजना के तहत तेलंगाना के गांव–गांव तक पीने का पानी पहुंचाने का काम किया। हमारे यहां भी वर्ष 2016 में सात निश्चय योजना की शुरूआत की गयी। हमलोगों ने तय किया है कि चार महत्वपूर्ण जगहों– राजगीर, नवादा, गया और बोधगया तक गंगा का पानी पहुंचाएंगे और इस पर काम हो रहा है। हमलोगों ने जल–जीवन–हरियाली अभियान चलाया, जल है हरियाली है तभी जीवन सुरक्षित है। इस अभियान के तहत हमलोगों ने गंगा जल पहुंचाने का निर्णय लिया। हमने अपने अधिकारियों

को पेयजल योजना को देखने के लिए तेलंगाना भेजा था। बाद में वहां जो एक्सपर्ट थे उनको लाकर भी हमलोग यहां काम कराने लगे और इस साल के अंत तक चारों जगहों पर पानी पहुंचा दिया जायेगा। बिहार एक पिछड़ा राज्य है, इसे विशेष राज्य का दर्जा देने की केंद्र से मांग करते रहे लेकिन विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला। दर्जा मिल गया होता तो कितना विकास हुआ होता। हैदराबाद से हमारा बहुत पुराना रिश्ता है। वर्ष 1986 में हम वहां कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग में प्रशिक्षण के लिये गए थे। जब यहॉ काम करने का मौका मिला तो हमने यहॉ डेवलपमेंट ऑफ मैनेजमेंट इंस्टीच्यूट बनाया। हमने उसी आधार पर आगे काम भी किया। आपके राज्य के सभी हिस्से में हम गए है। केंद्र में हम जब मंत्री बने तो हमारी तरफ से जो किया जा सकता था हमने किया। आपके राज्य के प्रति हमलोगों की श्रद्धा है। आप अपने राज्य का विकास कर रहे हैं, आपने जो अपना समय दिया, आप बिहार आए हैं इन चीजों के लिए आपका अभिनंदन करते हैं, बधाई देते हैं। पत्रकारों से कहूंगा कि आप भी मामूली नहीं है, जैसे पहले न्यूट्रल खबरें चलाते थे वैसे ही अब भी काम करिये। आप सबका अभिनंदन करते हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत में तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चन्द्रशेखर राव को मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांस की आकृति एवं गुडलक प्लांट भेंटकर उनका स्वागत किया। श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने बांस की आकृति एवं गुडलक प्लांट भेंटकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान गलवान घाटी में शहीद हुए बिहार के वीर सपूतों एवं सिकंदराबाद दुर्घटना के मृतकों के लिये एक मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान गत वर्ष जून 2021 में गलवान घाटी में भारतीय एवं चीनी सैनिकों के बीच मुठभेड़ की घटना में बिहार के शहीद पांच सैनिकों शहीद हवलदार सुनील कुमार, शहीद सिपाही कुंदन कुमार, शहीद सिपाही अमन कुमार, शहीद सिपाही चंदन कुमार एवं शहीद सिपाही जयकिशोर के परिजनों को तेलंगाना सरकार की तरफ से तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 10 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान किया।

तेलंगाना राज्य के सिकंदराबाद में कबाड़ गोदाम में आग लगने की हुई घटना में बिहार के 12 मृत श्रमिकों स्व. सिकंदर राम, स्व0 दिनेश कुमार उर्फ दारोगा राम, स्व0 बिट्टू कुमार, स्व0 दीपक राम, स्व0 सत्येंद्र कुमार, स्व0 छठी राम उर्फ गोलू, स्व0 राजेश कुमार, स्व0 अंकज कुमार राम, स्व0 प्रेम कुमार, स्व0 सिंटु महलदार, स्व0 दामोदर महलदार, स्व0 राजेश कुमार महलदार के परिजनों को तेलंगाना सरकार की तरफ से तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 5 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान किया।

कार्यक्रम को तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री के0 चंद्रशेखर राव, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेंद्र राम, बिहार सरकार के मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, तेलंगाना सरकार के मुख्य सचिव श्री सोमेश कुमार, श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान तेलंगाना विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं तेलंगाना विधान परिषद् के सदस्य श्री मधुसूदन चारी, तेलंगाना विधान परिषद् के सदस्य श्री पल्ला राजेश्वर रेड्डी, हैदराबाद नगर निगम के पूर्व मेयर श्री बौंथू राम मोहन, पूर्व उप मेयर करीम नगर श्री रविंद्र सिंह, महासचिव तेलंगाना राष्ट्र समिति श्री आर0 श्रवण कुमार रेड्डी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, अपर मुख्य सचिव वित्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव सामान्य प्रशासन डॉ0 बी0 राजेंदर, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल बोज्जा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार,

मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित तेलंगाना राज्य के अन्य जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, गलवान घाटी के शहीद परिजनों के प्रतिनिधिगण, हैदराबाद के कबाड़ गोदाम में आग लगने की घटना में मृत श्रमिकों के परिजन उपस्थित थे।

******